तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 8 नवंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 एसआईआर शुरू, बीएलओ पहुंच रहे घर-घर



## खबर संक्षेप

### जिले की पंचायतों में मना रोजगार दिवस

**बैकुण्ठपुर।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत ग्राम रोजगार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा ग्रामीणों एवं पंजीकृत श्रमिकों को प्रकृति के अनुकूल कार्यों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान यह बताया गया कि हमें अपनी दैनिक गतिविधियों में ऐसी सावधानी बरतनी चाहिए जिससे हमारे पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। विशेष रूप से जल संरक्षण के लिए छोटे-छोटे प्रयास जैसे सोख्ता गड्ढे, वर्षा जल संचयन और मिट्टी-नमी संरक्षण जैसी तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया गया। ग्राम रोजगार दिवस कार्यक्रम में श्रमिकों को मनरेगा के तहत स्वीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से जुड़े कार्यों जैसे जल संरक्षण, भूमि सुधार, नाला एवं खेत तालाब निर्माण, जल संवर्धन तथा भूमिगत जल स्तर बढ़ाने वाले कार्यों के प्रभाव और उपयोगिता से अवगत कराया गया।

### श्रेयांश ने बढ़ाया शहर का गौरव



**मनेन्द्रगढ़।** स्थानीय युवा बॉडी बिल्डर श्रेयांश जैन ने हाल ही में आयोजित मिस्टर छग बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 2025 में 70 किलोग्राम सीनियर कैटेगरी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर मनेन्द्रगढ़ का नाम रोशन किया है। श्रेयांश जैन जो कि पीसी फिटनेस जिम के संचालक हैं। उन्होंने अपने कड़े परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के दम पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस सफलता से मनेन्द्रगढ़ के युवाओं में फिटनेस और बॉडी बिल्डिंग के प्रति नया जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रेयांश ने बताया कि इस प्रतियोगिता की तैयारी उन्होंने कई महीनों तक दिन-रात मेहनत करके की। उन्होंने सख्त डाइट और नियमित वर्कआउट को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया, जिससे आज उन्हें यह सफलता मिली। श्रेयांश की इस उपलब्धि पर शहरवासियों, परिजन और जिम मेंबरों ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने उन्हें भविष्य में मिस्टर इंडिया जैसे बड़े खिताबों तक पहुंचने की शुभकामनाएं दी हैं। श्रेयांश ने कहा कि यह सफलता उनके गुरू, परिवार और फिटनेस प्रेमियों के सहयोग से संभव हो सकी है।

### पीएम ग्राम सड़क योजना से विकास को मिली गति

**मनेन्द्रगढ़।** ग्रामीण सड़क अवसंरचना को मजबूत और टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से खड़गवां विकासखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) एवं राज्य शासन की विकास योजनाओं के तहत कई महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्माण कार्यों से दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों के निवासियों को सुगम परिवहन सुविधा प्राप्त होगी, जिससे ग्रामीण जनजीवन में व्यापक परिवर्तन आएगा। सरकार द्वारा गांव-गांव तक सड़क, सुविधा, समृद्धि की नीति को मूर्तरूप देने की दिशा में ये परियोजनाएं एक महत्वपूर्ण कदम हैं। नई सड़कों के निर्माण से ग्रामीण कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी, जिससे कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं अन्य सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा और गति प्राप्त होगी।

## वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर जिलेभर में हुए विविध आयोजन

# कोरिया-एमसीबी जिले में वंदे मातरम की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पूरे देश के लिए गर्व और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय अवसर है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में इस ऐतिहासिक पर्व को वर्षभर चलने वाले महाअभियान के रूप में मनाया जा रहा है। देश के साथ कोरिया जिले में भी यह आयोजन जनभागीदारी के साथ चार चरणों में ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक भव्य रूप में संपन्न किया जाएगा।



वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सुबह 10 बजे किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ केवल एक स्मरणीय अवसर नहीं, बल्कि राष्ट की एकता, आत्मगौरव और मातृभूमि के प्रति समर्पण का जीवंत संदेश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन के पश्चात जिला पंचायत के मंथन कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, डीडी मंडावी सहित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों द्वारा वंदे मातरम का समूहिक गायन किया गया। पशुधन विकास विभाग, जनपद पंचायत बैकुंठपुर, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, मत्स्य पालन विभाग, जनपद पंचायत सोनहत, ग्राम पंचायत मधला, मेण्ड्रा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय माध्यमिक विद्यालय कटगोड़ी, विभिन्न ग्राम पंचायतों स्कूलों में भी समूहिक वंदे मातरम का गायन व प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना गया। कार्यक्रम चार चरणों में आयोजित होगा- प्रथम चरण 7 से 14 नवंबर , द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) और चतुर्थ चरण 1 से 7 नवंबर 2026 तक चलेगा।

### आदर्श रामानुज विद्यालय में कार्यक्रम

शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में शुक्रवार को राष्टीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में विद्यालय की शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य प्रकाश जायसवाल, गीता प्रसाद नेमा, संवर्त कुमार रूप, प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो, विद्यालय स्टाफ सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने टेलीविजन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्टीय गीत पर आधारित सारगर्भित उद्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना। समारोह को संबोधित करते हुए संवर्त कुमार ने वंदे मातरम के इतिहास और इसकी रचना से जुड़े स्वतंत्रता संग्राम के प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस गीत की प्रत्येक पंक्ति राष्टभक्ति से ओत-प्रोत है और स्वतंत्रता आंदोलन में इसने प्रेरणा का स्त्रोत बनकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद श्री गीता प्रसाद नेमा ने अपनी देशभक्ति कविता वंदे मातरम सुमधुर स्वर में प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने देश के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों का भावपूर्ण वर्णन किया। सम्मानित व्यवसायी एवं समाजसेवी श्रीप्रकाश जायसवाल ने छात्रों को राष्टीय गीत के प्रत्येक छंद का अर्थ समझकर उसे जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितों ने सामूहिक रूप से राष्टीय गीत वंदे मातरम का गायन किया और देशभक्ति से ओत-प्रोत नारे लगाए। आभार प्रकट करते हुए प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर व्हीजे मिश्रा, राजीव जायसवाल, एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल, प्रभात मिश्रा, श्रीमती नाजिमा खातून, श्रीमती कल्पना जायसवाल, वाईके मिश्रा समेत अन्य उपस्थित रहे।

# कोरिया पुलिस ने दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश

रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में 7 नवंबर को पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे केनिर्देशन में आयोजित जनरल परेड संपन्न हुआ। परेड उपरांत देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को समर्पित वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया गया, जिसने वहां उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह और गर्व की अनुभूति को और प्रबल कर दिया। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने का साक्षी बन रहा है, इसके उपलक्ष्य में यह विशेष आयोजन किया गया। वंदे मातरम वह



ओजस्वी गीत है जिसने स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान करोड़ों देशवासियों के भीतर मातृभूमि के लिए त्याग, समर्पण और संघर्ष की अग्नि प्रज्जवलित की। जिले के पुलिस बल ने 7 नवंबर को एकत्र होकर राष्टभक्ति का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक श्यामलाल मधुकर, उप पुलिस अधीक्षक नेल्सन कुजूर, रक्षित निरीक्षक नितीश आर. नायर तथा थाना प्रभारी चरचा प्रमोद पाण्डेय सहित जिले के विभिन्न थानों और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के शाखाओं में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट की आत्मा को जगाने वाला वह मंत्र है जिसने स्वतंत्रता सेनानियों के संकल्प को दृढ़ और आंदोलन को प्रखर बनाया।

### शासकीय विवेकानन्द महाविद्यालय में आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्टीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भक्तिभाव से विद्यार्थियों एवं सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पूर्ण राष्टीय गीत का गायन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्टीय कार्यक्रम को विद्यार्थी एवं अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ऑनलाईन सहभागिता की। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती के संरक्षण में संपन्न हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ.सरोजबाला श्याग विश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि वंदे मातरम गीत भारत माता केक प्रति आदर, भक्ति और समर्पण की भावना का अद्भुत प्रतीक है। इसकी रचना बंकिमचंद्र चटोपाध्याय जी ने 1882 में अपने सुप्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ में की थी। 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वंदे मातरम को राष्टीय गीत का दर्जा दिया गया, जबकि जनगणमन को राष्टीय गान का दर्जा दिया गया और ये दोनो ही हमारे राष्ट गौरव के प्रतीक है। इस गीत की गरिमा, सम्मान बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में डॉ. सुशील कुमार तिवारी, डॉ. अरूणिमा दत्ता, डॉ. प्रभा राज, कमलेश पटेल, डॉ. रेनू प्रजापति, डॉ. रिंकी तिवारी, अभिषेक कुमार सिंह, पुष्पराज सिंह, सुमित कुमार तिवारी, प्रकाश दास मानिकपुरी, मनीष कुमार श्रीवास्तव, सुनीत जॉनसन बाड़ा, सुश्री साधना बुनकर सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### विद्यार्थियों ने बनाई मानव श्रृंखला...



**बैकुण्ठपुर।** शुक्रवार को राष्टीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़ेली के छात्रों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाया गया।

# अधिवक्ता संघ ने लिपिक के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन

**वेस्ट चिरमिरी।** अधिवक्ता संघ चिरमिरी ने तहसील कार्यालय चिरमिरी में पदस्थ लिपिक के विरुद्ध अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को एक शिकायत पत्र सौंप कर तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

अधिवक्ता संघ ने अपनी शिकायती पत्र में कहा है कि तहसील कार्यालय में पदस्थ एक लिपिक न्यायालयीन कार्यों को ना कर गरीब आम जनता को प्रताड़ति करते हैं। उसके द्वारा तहसील आए आवेदकों से रूपए की मांग किए जाने की शिकायतें भी मिली हैं। रूपए ना मिलने की स्थिति में काम को लंबित कर दिया जाता है। इस संबंध में पूर्व में भी शिकायत की गई थी, किंतु अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञातव्य है कि उक्त लिपिक लगभग 15 वर्षों से लगातार तहसील कार्यालय में पदस्थ है जबकि प्रशासनिक कसावट लाने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों का नियमित अंतराल में स्थानांतरण होता रहता है, बावजूद इसके मुख्य लिपिक 15 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ है। अधिवक्ता समर सिंह ने बताया कि 31 अक्टूबर को चिरमिरी थाना के द्वारा कुछ आरोपियों को धारा 170 भारतीय न्याय संहिता के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था।



लिपिक किण्डो ने उनमें से कुछ आरोपियों को जिनसे उसे रूपए मिले उन्हें रिहा करवा दिया, किंतु जो गरीब आरोपी रूपए दे पाने में असमर्थ थे उन्हें जेल भेज दिया गया। शिकायती पत्र में उक्त लिपिक पर कार्रवाई करने एवं उसका तत्काल स्थानांतरण करने की मांग की गई है। स्थानांतरण न किए जाने की स्थिति में अधिवक्ता संघ के द्वारा हड़ताल की चेतावनी दी गई है।

## टोनही प्रताड़ना मामले की फरार आरोपी महिला सलका से गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** जिले के सिटी कोतवाली थाना बैकुंठपुर में दर्ज अपराध क्रमांक 342/2025 धारा 296, 351 (2), 115(2) बीएनएस एवं टोनाही प्रताड़ना अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत दर्ज प्रकरण में पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रही आरोपी महिला निवासी ग्राम ढोड़ीबहरा को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रकरण 11 अक्टूबर 2025 को दर्ज हुआ था। पुलिस के अनुसार महिला अपने घर से फरार होकर कभी पटना क्षेत्र तो कभी चरचा क्षेत्र में छिपते हुए लगातार स्थान बदल रही थी। इसी दौरान उसने अग्रिम जमानत का आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया था, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया। इसके बाद बैकुंठपुर पुलिस टीम द्वारा आरोपिया की तलाश में ढोड़ीबहरा, सावांरावां, पटना तथा झलियाडांड़ क्षेत्रों में लगातार दबिश दी गई।

पुलिस को सफलता तब मिली जब 6 नवंबर को महिला को ग्राम सलका में छिपे होने की सूचना मिली। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपिया को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### जिले में यूनिटी मार्च का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। राष्टीय एकता और अखंडता के प्रतीक सरदार पटेल के आदर्शों पर आगे बढ़ते हुए युवाओं में देशभक्ति, एकता, सामाजिक सद्भाव एवं राष्टीय गौरव की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर यह कार्यक्रम रखा गया है। यूनिटी मार्च के माध्यम से जिले के युवाओं को राष्ट निर्माण, सामाजिक समरसता एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया जाएगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर से नवंबर माह तक आयोजित किए जा रहे राष्टीय एकता दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। इसी क्रम में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 14 नवंबर को 10 किमी लंबी पदयात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल शामिल होंगे। साथ ही भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह, नगर निगम महापौर रामनरेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे। यूनिटी मार्च के साथ ही झगराखांड क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान भी चलाया जाएगा।

## आरक्षक ट्रेड संवर्ग में लिखित परीक्षा 17 से

**बैकुण्ठपुर/मनेन्द्रगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा एवं अध्यक्ष चयन समिति सरगुजा रेंज ने बताया कि जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 के अंतर्गत सरगुजा रेंज के जिला इकाई सूरजपुर, कोरिया, जशपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर तथा पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मैनपाट में रिक्त आरक्षक ट्रेड संवर्ग के पदों की पूर्ति के लिए लिखित परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों का ट्रेड टेस्ट 10 वीं वाहिनी, छसबल, सिलफिली, जिला-सूरजपुर के ग्राउंड में 17 नवंबर से आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि आरक्षक ट्रेड (चालक) के अभ्यर्थी के लिए निर्धारित तिथि 17 नवंबर, आरक्षक ट्रेड (कुक एवं वाटर कैरियर) अभ्यर्थी के लिए निर्धारित तिथि 18 नवंबर एवं शेष अन्य विज्ञापित आरक्षक ट्रेड के अभ्यर्थी के लिए निर्धारित तिथि 19 नवंबर है।

- ट्रेड टेस्ट में अनुपस्थित अभ्यर्थी चयन के लिए स्वयंमेव अपात्र होंगे

अभ्यर्थियों को ट्रेडवार निर्धारित तिथि पर प्रातः 7 बजे तक अनिवार्य रूप से भर्ती ग्राउंड (10 वीं वाहिनी छसबल सिलफिली, जिला सूरजपुर) में उपस्थित होना होगा, विलंब से आने पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ट्रेड टेस्ट में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी चयन के लिए स्वयंमेव अपात्र होंगे।

### अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में आ रही गिरावट

# तापमान में गिरावट: ठंड का एहसास, गर्म कपड़ों का सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मौसम के शुष्क रहने के बाद तेजी से अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में गिरावट होने लगी है। बीते शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री तथा न्यूनतम 10 डिग्री तक रहा। आने वाले कुछ ही समय में तेजी से न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

इस तरह नवंबर माह के पहले सप्ताह में ही न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक पहुंच गया है, ऐसे में समझा जा सकता है कि इस वर्ष नवंबर माह में ही लोगों को जमकर सर्दी का सामना करना पड़ सकता है। वर्तमान में सुबह के समय और शाम ढलने के बाद तेज ठंड का असर होने लगा है। शहर के बाहरी हिस्से में शाम ढलने के बाद रात्रि में ठंड का असर ज्यादा लगने लगा है। पिछले कुछ दिनों की बारिश के बाद लगातार मौसम साफ रहा है, इसके चलते अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में कमी आ रही है। हालांकि अभी दिन के समय धूप खिली होने के कारण अधिक ठंड का असर ज्यादा नहीं हो रहा है, लेकिन सुबह और शाम ढलने के बाद ठंड का असर तेज हो गया है। यही रफ्तार रहा तो आने वाले कुछ ही दिनों में तेज ठंड के असर का सामना करना पड़ेगा। ठंड से बचने के लिए लोगों के द्वारा गर्म कपडे निकाल लिए हैं और सुबह-शाम के साथ कई लोगों को तो दोपहर के समय में भी गर्म कपड़ों से ढंके हुए देखा जा सकता है। बहरहाल वर्तमान में सुबह-शाम ठंड के असर का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। जिले के मैदानी एवं पठारी

⏩ शेष पेज 4 पर



स्कूलपारा में सजा कर्म कपड़े का बाजार

### अस्थाई दुकानों में ज्यादा ग्राहकी

शहर के स्कूलपारा के मुख्य मार्ग किनारे अस्थाई गर्म कपड़ों की दुकानों में मोल भाव होने के कारण ग्राहकों की पसंद बनी हुई है जबकि स्थाई गर्म के कपड़ों की दुकानों में एकदाम होने या कम छूट मिलने के कारण ग्राहकों की रूचि स्थाई दुकानों में नहीं है, बल्कि अस्थाई दुकानों में मोल भाव कर खरीदी करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। यही कारण है कि अस्थाई गर्म कपड़ों के दुकानों में सबसे ज्यादा ग्राहकी जुट रही है।



## ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण

**बैकुण्ठपुर।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के मंथन कक्ष ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती दीपिका नेताम तथा जिला सूचना अधिकारी सुखदेव पटेल की उपस्थिति में रायपुर से ई ऑफिस कार्यालय से पहुंचे प्रशिक्षकों ने नोडल अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स सहित प्रशिक्षण में उपस्थित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ई-ऑफिस के संचालन संबंधी सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

अधिकारियों को ई-फाइल निर्माण, फाइल अग्रेषण, इनबॉक्स प्रबंधन, नई ड्राफ्ट फाइल तैयार करने, मसौदे की स्वीकृति एवं प्रेषण, फाइल क्लोजिंग, फाइल/रसीद जोड़ने एवं संलग्न करने जैसी प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया गया।


Powered by
DCT Real Estate Developers Bilaspur (c.g.)
प्रॉपर्टी मतलब DCT
ISO 9001- 2015 Certified
FORTUNE ELEMENTS
Presents
CREDAI BILASPUR
आपने ADDRESS CHANGE कराया क्या?
CREDAI PROPERTY EXPO 2025
7, 8 & 9 NOV 2025
KUNDAN PALACE, SHRIKANT VERMA MARG, BILASPUR
Banking Partner
SBI
आज MISS किया तो कल पछताएंगे
जो CREDAI एक्सपो में आज और कल नहीं आयेंगे
ये हैं विशेष बस 2 दिन शेष
प्रॉपर्टी बुकिंग पर ई-स्कूटर जीतने का मौक़ा
Concept & Design @ AdPRAYAS
एक्सपो विज़िट पर हर घंटे चाँदी का सिक्का जीतने का मौक़ा
Stalls
of Best in Class Building Material Vendors
30+
Housing & Commercial Projects with Best Deals
ई-स्कूटर से लेकर एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित 3 लाख तक के इनाम
Bathcare Partner
Jaquar BATHROOM
PARTICIPATING BRAND
CITYWALK
DRS High Street
S. K. BUILDERS & COLONIZERS
GK Group
Shree Balaji Doors & Ply
NIRVANA HOMES
SOLITAIRE
Vijaya Heritage
ATLANTIC IMPERIAL TOWER
FORTUNE Infra
SHRI GANESH ORCHID
HARSH PROJECTS
GEETANJALI ERA
OoWah
Swarna Shikhar
USHA VALLEY
SWARNIMA ERA
WallingCo
VRINDAVAN INFRA ESTATES PVT.LTD.
UB WORLD
SARDAR JI
Aashiyana
AVIRAL DEVELOPERS
ARPA GREENS ROYAL
KRISHNA
GWALANI GROUP
KD CONSTRUCTION
FEDERAL BANK
vision vistara
Skyler
ALASKA HOMES
DHEERAA SKYLLA
CLASSIC GROUP
Bajpai Buildcon
360° INFRA SOLUTIONS
INDU
कृष्णा पुरम
Anand Vihar
CHITVAN Farm
DIWANJI
HDFC BANK
Vijay
कुदन पैलेस, श्रीकात वर्मा मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.)
78980-32660



## जन नायकन का नया पोस्टर जारी, दिखा विजय का धांसू लुक

**मुंबई।** थलपति विजय की नई फिल्म 'जन नायकन' का एक नया पोस्टर आज गुरुवार को जारी किया गया। फिल्म के निर्माता केवीएन पिक्चर्स ने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्टर साझा कर प्रचार शुरू करने की घोषणा की। यह घोषणा तब हुई जब तमिलनाडु वेत्री कजगम (टीवीके) ने बुधवार को विजय की मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवारी की घोषणा की। थलपति विजय की आगामी फिल्म 'जन नायकन' का एक नया पोस्टर निर्माताओं ने एक्स पर जारी किया और लिखा, 'चलो शुरू करते हैं।' इसमें विजय को जनता के नेता के रूप में दिखाया गया है। वह नीली शर्ट और एविएटर चश्मे में भीड़ के बीच खड़े हैं। यह पोस्टर विजय को आम आदमी के नेता के रूप में दर्शाता है।

लाइफ Style

# मोनालिसा

## बॉलीवुड के बाद साइन की तेलुगू फिल्म

प्रयागराज में महाकुंभ मेले में जिस चेहरे ने सबसे अधिक सुर्खियां बटोरी वो थीं मोनालिसा। महाकुंभ में घूम-घूम कर माला बेचने वाली मोनालिसा को तब तक अंदाजा भी नहीं था कि आगे उनकी जिंदगी किस तरह पलटी मारने वाली है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंदौर की ये मोनालिसा भोंसले वहां मौजूद भीड़ के बीच अपनी खूबसूरत आंखों और नैन-नक्श की वजह से सबके आकर्षण का केंद्र बन गईं। अपने सांवले रंग, एम्बर आंखें, और लाजवाब नैन-नक्शन के कारण वो रातों रात सोशल मीडिया पर सनसनी बन गईं। वहीं अब मोनालिसा ने एक और ऊंची छलांग लगाई है। अब उन्हें गाने के साथ-साथ फिल्मों में भी मौका मिला है। बताया जा रहा है कि मोनालिसा बॉलीवुड में पहली फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' कर चुकी हैं, जिसका निर्देशन सनोज मिश्रा ने किया है। फिल्म में मोनालिया ने एक आर्मी ऑफिसर की बेटी का किरदार निभाया है। अब इसी के साथ मोनालिसा ने साउथ फिल्मों की तरफ कदम बढ़ाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोनालिसा अब तेलुगु की एक फिल्म करने जा रही हैं। कहा जा रहा है कि तेलुगू फिल्म 'लाइफ' में एक्टिंग करती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर उन्होंने मीडिया से मुलाकात और बातें भी की, जिसका वीडियो सामने आया है। अब इससे जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आ रहे हैं। बताया ये भी जा रहा है कि ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी जिसमें मोनालिसा, 'क्रश' और 'इट्स ओके गुरु' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर हीरो चरण साईं के साथ नजर आनेवाली हैं।



हॉलीवुड मसाला




## विद्युत को देखकर उड़ाया था मजाक

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता विद्युत जामवाल लोकप्रिय वीडियो गेम फ्रेंचाइजी 'स्ट्रीट फाइटर'के लाइव-एक्शन रीबूट के साथ हॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाले हैं। अभिनेता फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में एंड्रयू शुल्ज ने विद्युत के साथ हुई अपनी पहली मुलाकात को याद किया। इस मुलाकात को खास बताते हुए एंड्रयू ने कहा कि कैसे उन्हें पहले लगा कि विद्युत ने एक ड्रेस पहन रखी है और वे उन्हें इसके लिए चिढ़ाने लगे। यह महसूस नहीं कर पाए कि अभिनेता आमतौर पर ऐसे ही कपड़े पहनते हैं। मार्शल आर्ट को लेकर बात करते हुए अभिनेता कहा कि विद्युत ने मार्शल आर्ट को बढ़ावा दिया है।




## फातिमा ने मूर्ख कहने पर बीच में छोड़ी मिस यूनिवर्स की स्पर्धा

**लॉस एंजिल्स।** मिस यूनिवर्स 2025 की प्रतियोगिता 21 नवंबर को थाईलैंड में होने वाली है। इससे पहले ही इस प्रतियोगिता में विवाद शुरू हो गया है। 4 नवंबर को बैंकॉक में एक कार्यक्रम के दौरान, मिस मैक्सिको फातिमा बॉश को थाई प्रतियोगिता निदेशक नवात इत्सराग्रिसिल ने मूर्ख कहा। इसके बाद वह प्रतियोगिता से बाहर चली गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इत्सराग्रिसिल ने एक शूट में मौजूद न रहने पर बॉश से पूछताछ की। इससे पहले कि फातिमा बॉश अपनी सफाई देतीं, थाई निदेशक ने बीच में ही टोक दिया और कहा, 'अगर आप अपने राष्ट्रीय निदेशक के आदेशों का पालन करती हैं, तो आप मूर्ख हैं।' इत्सराग्रिसिल का यह बयान फातिमा को पसंद नहीं आया और वह कई दूसरे प्रतियोगियों के साथ कार्यक्रम से बाहर चली गईं। यहां तक कि वर्तमान मिस यूनिवर्स विक्टोरिया केजर थेलविग ने भी मिस मैक्सिको का समर्थन किया और कार्यक्रम छोड़ने का फैसला लिया।



## बॉर्डर-2 से वरुण की तस्वीर वायरल

**मुंबई।** बॉर्डर 2 के मेकर्स ने फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने सनी देओल के बाद अब वरुण धवन का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर कर दिया है। ये सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये फिल्म अगले साल जनवरी महीने में रिलीज होने वाली है। ये 'बॉर्डर' फिल्म का सीक्वल है, जो 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। 'बॉर्डर 2' फिल्म से वरुण धवन का फर्स्ट लुक रिवील कर दिया गया है, जो सोशल मीडिया पर देखते ही देखते वायरल हो गया है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म से सनी देओल का फर्स्ट लुक शेयर किया था। ये मूवी 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। 'बॉर्डर 2' फिल्म से अपने लुक को शेयर करते हुए वरुण धवन ने कैप्शन में लिखा, 'देश का सिपाही पीवीसी होशियार सिंह दहिया।' उनके इस पोस्ट पर खूब रिएक्शन आ रहे हैं।



## 120 बहादुर फिल्म में शौर्य की कहानी

**मुंबई।** फरहान अख्तर की मच अवेटेड वॉर-ड्रामा फिल्म '120 बहादुर' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। इससे पहले फिल्म का टीजर और गाने सामने आए थे, जिन्हें मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज से दो हफ्ते पहले ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर में जबरदस्त जंग और भारतीय सैनिकों के शौर्य की कहानी देखने को मिल रही है। ट्रेलर की शुरुआत अमिताभ बच्चन की आवाज में एक वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो बोलते हैं, 'कभी वो दिन थे जब भारत ने चीन को सिर्फ अपना पड़ोसी नहीं, बल्कि बड़ा भाई माना था। लेकिन, 1962 को पता चला कि ये भाईचारे की भावना दोनों तरफ से नहीं थी। ये हमला एक विश्वासघात था।' 2 मिनट 48 सेकंड के इस ट्रेलर में 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की लड़ाई को दिखाया गया है।

टीवी मसाला






## अनुपमा ने मारी बाजी, क्योंकि सास भी कभी बहू थी दूसरे पायदान पर

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह इस बार भी टीवी की टीआरपी लिस्ट आ चुकी है और इस बार का परिणाम भी दर्शकों के बीच खूब चर्चा में है। 43वें हफ्ते की रिपोर्ट में साफ नजर आया कि स्टार प्लस के सीरियल्स ने एक बार फिर बाजी मार ली है। अनुपमा और क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 के बीच मुकाबला इतना नजदीकी रहा कि दोनों के फैंस सोशल मीडिया पर अपनी-अपनी पसंदीदा शो के लिए जंग छेड़े हुए हैं। रुपाली गांगुली स्टारर शो अनुपमा ने एक बार फिर दर्शकों के दिलों में अपनी जगह कायम रखी है। शो ने इस हफ्ते 2.1 की टीआरपी के साथ नंबर वन पोजीशन संभाली। बीते हफ्ते के मुकाबले इसमें हल्की गिरावट जरूर आई है, लेकिन कहानी में दिखाया जा रहा बदले का ट्रैक दर्शकों को बांधे हुए है। स्मृति ईरानी की वापसी के बाद यह शो एक बार फिर दर्शकों का पसंदीदा बन गया है। इस हफ्ते क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 ने 2.0 की टीआरपी हासिल की और सीधे दूसरे स्थान पर पहुंच गया। शो में तुलसी का किरदार फिर से दर्शकों के बीच चर्चा में है। पारिवारिक ड्रामा, इमोशन्स और पुराने अंदाज़ में ट्विस्ट भरे प्लॉट ने लोगों को जोड़े रखा है। स्टार प्लस का एक और शो उड़ने की आशा ने भी टीआरपी चार्ट में अपनी जगह मजबूत की है। इस शो ने इस हफ्ते 1.8 की रेटिंग पाई और तीसरे पायदान पर बना रहा। शो में एक मध्यमवर्गीय लड़की के सपनों की उड़ान को दिखाया गया है, जो मुश्किल हालातों में भी हिम्मत नहीं हारती। जी टीवी का शो तुम से तुम तक इस हफ्ते 1.8 टीआरपी के साथ चौथे स्थान पर रहा। इसकी कहानी दो परिवारों और प्रेम के बीच टकराव पर केंद्रित है। रोमांस और ड्रामा के सही मिश्रण ने दर्शकों को बांधे रखा है। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' हमेशा से दर्शकों के दिलों के करीब रहा है। इस बार शो ने 1.8 की टीआरपी के साथ टॉप 5 में जगह बनाई है।

### अब हिना ने की काजोल की एक्टिंग

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री हिना खान अपने फैंस को कुछ न कुछ करके हैरान कर देती हैं। उन्होंने हाल ही में अपने सोशल



मीडिया पर करीना कपूर की फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के 'पू' के किरदार की एक्टिंग की थी। जिसका वीडियो उनके फैंस को बेहद पसंद आया। वहीं आज हिना ने इसी फिल्म से काजोल के एक डायलॉग को दोहराया। जिसको सेलेब्स भी पसंद कर रहे हैं। हिना ने राजस्थानी लहंगा और शाही गहनों के साथ हल्का मेकअप लुक अपनाया। जिसे देख फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं। हिना ने फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में काजोल के मशहूर डायलॉग 'वो मेरी दुकान हडपना चाहता है' को मस्ती भरे अंदाज में पेश किया। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, 'और रीलिंग जारी है ।' इस पोस्ट पर अभिनेता रोहित रॉय ने कमेंट किया, 'प्रिय, तुम्हारी चमक को कोई फीका नहीं कर सकता।'



## महाअवतार में भगवान परशुराम का किरदार निभाएंगे विक्की

**मुंबई।** छावा की सक्सेस के बाद विक्की कौशल अपने नए प्रोजेक्ट में लग गए हैं। उनकी नई फिल्म भी काफी बड़े पैमाने पर आने वाली है जिसके लिए उन्होंने अपनी डाइट से लेकर लाइफस्टाइल में कई बड़े बदलाव करने का फैसला लिया है। विक्की कौशल जल्द ही स्त्री 2 के डायरेक्टर अमर कौशिक के साथ विष्णु के चिरंजीवी परशुराम पर बनने वाली कहानी में काम करेंगे। इसका टाइटल 'महावतार'बताया जा रहा है। एक रिपोर्ट का दावा है कि इस फिल्म के लिए वह शराब-नॉनवेज तक छोड़ देंगे। विक्की कौशिल और अमर कौशिक ने 'महावतार'के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वह दर्शकों को एक शानदार कहानी और विजुअल के साथ ग्रैंड एक्सीपीरियंस देना चाहते हैं। एक्टर ने तो 'महावतार' के लिए नॉनवेज छोड़ने का भी फैसला लिया है। अगले साल पूजा मुहूर्त के बाद फिल्म पर काम शुरू होगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि 'महावतार'अगले साल अंत तक फ्लोर पर आएगी। उम्मीद की जा रही है कि 2028 तक फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो। बता दें विक्की कौशल इस वक्त रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर पर काम कर रहे हैं। ये फिल्म अगले साल आएगी।

*संजीव कुमार ने कई फिल्मों में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता। कुछ किरदार तो ऐसे निभाए जो वक्त के साथ रहते लोगों के दिलों में अमर हो गए, जिनमें फिल्म 'शोले' के ठाकुर का रोल हो या फिर फिल्म 'आंधी' के जेके का किरदार। उनकी फिल्में आज भी दर्शकों के दिलों में जिंदा हैं।*

## फिल्म के सेट पर घंटों अपने किरदार में डूबे रहते थे संजीव कुमार

**मुंबई।** संजीव कुमार, जिनका असली नाम हरिहर जेठालाल जरीवाला था। उनका जन्म 9 जुलाई 1938 को सूरत, गुजरात में हुआ था। उन्होंने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत थिएटर से की और बाद में हिंदी सिनेमा में कदम रखा।

***संजीव कुमार का कॅरियर :*** संजीव कुमार ने 1960 में फिल्म 'हम हिंदुस्तानी' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उनकी बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें हर तरह के किरदार निभाने में माहिर बनाया। वह कॉमेडी, ड्रामा और गंभीर किरदारों को बखूबी निभाते थे। उन्होंने 1975 में फिल्म 'शोले' में ठाकुर के किरदार से हर किसी के दिलों में खास जगह बनाई, जिसे दर्शक आज भी देखना पसंद करते हैं। फिल्म 'आंधी' में उनका संजीदा अभिनय दर्शकों को खूब पसंद आया। तो वहीं कॉमेडी फिल्म 'अंगूर' में उनके डबल रोल की तारीफ आज भी होती है। इसके अलावा फिल्म



'नमकीन' और 'कोशिश' में उनके भावनात्मक अभिनय ने सबका दिल जीता। उन्होंने अपने कॅरियर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और कई पुरस्कार जीते, जिसमें दो राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल हैं।

***फिल्म के सेट के रोचक किस्से :*** संजीव कुमार सेट पर अपनी सादगी और मेहनत के लिए जाने जाते थे। 'शोले' का किस्सा, जब फिल्म में ठाकुर का किरदार निभाने के लिए उन्होंने अपने किरदार को इतना गहराई से समझा कि सेट पर वह घंटों किरदार में डूबे रहते। 'अंगूर' की शूटिंग के दौरान वह और उनके सह-कलाकार उत्पल दत्त सेट पर मजाकिया माहौल बनाए रखते थे, जिससे सीन और भी मजेदार बन गए। वह अक्सर सेट पर अपने सह-कलाकारों के साथ स्क्रिप्ट पर चर्चा करते और सुझाव देते, जिससे सीन को और बेहतर बनाया जाता।

### सिनेमाघरों में इमरान और यामी की अदाकारी वाली 'हक' आज होगी रिलीज

## असल जिंदगी के केस पर आधारित हैं ये फिल्में; दिखीं कानूनी पेचीदगियां

*नई दिल्ली। इमरान हाशमी और यामी गौतम की अदाकारी वाली फिल्म 'हक' सात नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म शाह बानो केस पर आधारित है। इस केस ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के भरण-पोषण के अधिकार को लेकर बहस छेड़ दी थी। इस खबर में हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताएंगे जो असल जिंदगी के केस पर आधारित हैं।*

**जॉली एलएलबी (2013) :** फिल्म जॉली एलएलबी साल 1999 में हुए बीएमडब्ल्यू हिट-एंड रन मामले से प्रेरित थी। संजीव नंदा नाम के कारोबारी पर आरोप था कि उन्होंने 6 लोगों पर गाड़ी चढ़ा दी थी। फिल्म में अरशद वारसी ने एक वकील की दमदार भूमिका निभाई थी। इसमें दिखाया गया था कि कैसे गरीब लोग कानूनी सिस्टम में उलझ जाते हैं।

**नो वन किल्ड जेसिका (2011) :** यह फिल्म 1999 के जेसिका लाल मर्डर केस पर आधारित थी। इसमें एक पॉलिटिशियन का बेटा एक मॉडल और बार टेंडर का इसलिए कत्ल कर देता है कि उसे उसने ड्रिंक नहीं दी। फिल्म में जेसिका को न्याय दिलाने का संघर्ष दिखाया गया था। इसमें विद्या बालन और रानी मुखर्जी ने अहम किरदार निभाया था।

**रुस्तम (2016) :** केएम नानावटी केस साल 1959 का एक चर्चित केस था। इसमें नौसेना अधिकारी रुस्तम पावरी पर अपनी पत्नी के प्रेमी की हत्या का आरोप था। यह फिल्म इसी केस पर आधारित थी। इसमें अक्षय कुमार ने अभिनय किया था। फिल्म में रोमांचक कोर्टरूम ड्रामा दिखाया गया है।



**शाहिद (2012) :** यह फिल्म असल जिंदगी के केस पर आधारित थी। दरअस शाहिद आजमी नाम के एक वकील थे जो आतंकवाद के झूठे केस में फंसाए गए लोगों का केस लड़ते थे। यह फिल्म उनकी जिंदगी पर आधारित थी। इसमें शाहिद का किरदार राजकुमार राव ने निभाया था। फिल्म कानून व्यवस्था में गड़बड़ियों से पर्दा उठाती है।

**तलवार (2015) :** मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी यह फिल्म साल 2008 के नोएडा डबल मर्डर केस पर आधारित थी। नोएडा में 14 साल की आरुषि तलवार और उनके हेल्पर हेमराज को मृत पाया गया था। फिल्म में पुलिस की लापरवाही और गलत जांच प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया था। इसमें इरफान खान ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**सेक्शन 375 (2019) :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म 'सेक्शन 375' बॉलीवुड के एक कलाकार के केस (2009) पर आधारित थी। यह फिल्म भारत में दुष्कर्म कानून की जटिलताओं को दिखाती है। इसमें दिखाया गया था कि एक निर्देशक पर अपनी असिस्टेंट के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। फिल्म में अक्षय खन्ना और ऋचा चड्ढा ने वकील की भूमिका निभाई थी। दोनों कोर्टरूम में बेहतरीन तरीके से अपने पक्ष को रखते हैं।

**भागवत: चैप्टर वन- राक्षस (2025) :** यह फिल्म सायनाइड मोहन के वास्तविक जीवन के मामले से प्रेरित थी। यह फिल्म एक ऐसे हत्यारे की कहानी है जो महिलाओं को अपने प्यार के जाल में फंसाकर जहर देकर मार डालता था। इसमें अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार ने अहम किरदार निभाया था।

## खबर संक्षेप

### अमृत ब्रांड ने राज्योत्सव में बढ़ाई स्थानीय उत्पादों की चमक

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह में वोकल फॉर लोकल की अवधारणा को नई ऊर्जा मिली। जिला पंचायत कोरिया के अंतर्गत बिहान योजना से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने कोरिया अमृत ब्रांड के उत्पादों के माध्यम से अपनी व्यवसायिक पहचान को और अधिक मजबूत किया। इस दौरान महिला समूहों के स्टॉलों पर ग्राहकों की उल्लेखनीय भीड़ रही और उत्पादों की अच्छी-खासी बिक्री हुई। राज्योत्सव में कोरिया अमृत मोदक, कोरिया अमृत आचार, मिलेट्स कैफे, गढ़ कलेवा, महिला युग एफपीसी के कृषि उत्पाद, टेराकोटा कला, बांस हस्तशिल्प तथा वंदना मसाला जैसे स्थानीय एवं पारंपरिक उत्पाद आकर्षण का केन्द्र बने। बिहान महिला समूहों द्वारा लगाए गए कुल छह स्टॉलों पर स्थानीय स्वाद और ग्रामीण हुनर का सुंदर संगम दिखाई दिया। रोशनी महिला समूह (मिलेट्स कैफे) 75 हजार रूपए, प्रगति महिला समूह (कोरिया अमृत आचार) 48 हजार रूपए, ज्योति महिला समूह (कोरिया अमृत मोदक) 35 हजार रूपए, वंदना महिला समूह (वंदना मसाला) 28 हजार रूपए, महिला युग एफपीसी (कृषि उत्पाद) 20 हजार रूपए, कर्मा एफपीसी (कर्मा उत्पाद) 12 हजार रूपए, केवीके किसान समूह (कृषि प्रदर्शन) 5 हजार 600 रूपए, माँ वैष्णव महिला समूह (टेराकोटा) 6 हजार 200 रूपए बांस कला हस्तशिल्प (शिल्प उत्पाद) 2 हजार 690 रूपए इस तरह कुल 2 लाख 32 हजार 490 रूपए की बिक्री हुई।

### खेत किनारे मिला ग्रामीण का शव, ठंड से मौत की आशंका

**लखनपुर।** शराब के नशे में रात भर तालाब किनारे खेत में पड़े रहने से ग्रामीण की मौत का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच कि जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम मांजा निवासी 52 वर्षीय जयनंदन मझवार आ. बोडू मझवार शराब पीने का आदी था। 5 नवंबर को ग्रामीण शराब पीने के नाम पर घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। 6 नवंबर की सुबह गांव का शनिराम मझवार उसके भाई शिवनंदन मझवार को आकर बताया कि उसके भाई का शव खुठेनपारा में तालाब के पास पड़ा हुआ है। ऐसे में ग्रामीण सरपंच खेमराज सिंह, शिव चरण मझवार, सनमान पंडो ने जाकर देखा तो जयनंदन मझवार खुठेनपारा तालाब के पास खेत किनारे मेढ में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। संभावना जताई जा रही है कि रात भर शराब के नशे में खुले आसमान के नीचे तालाब किनारे खेत मेढ में सो जाने से ठण्ड के कारण मृत्यु उसकी मौत हुई है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया है और घटना की जांच चल रही है।

### कन्दरई साप्ताहिक बाजार से चोरों ने पार किया बाइक

**मानीचौक।** ग्राम पंचायत जमदेई निवासी शिवप्रसाद सिंह आ. सुखन राम गुरुवार की दोपहर बाइक क्रमांक सीजी 15 सीजे 5977 से साप्ताहिक बाजार कंदरई गया था। बाइक को हाई स्कूल ग्राउंड में खड़ा कर बाजार करने चला गया। कुछ समय बाद जब बाजार से खरीदारी करने के बाद घर जाने बाइक लेने पहुंचा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### तापमान में गिरावट...

क्षेत्रों में तो शाम ढलने के बाद तेज ठंड के असर के कारण लोगों का घर से बाहर आना-जाना कम हो गया है। ठंड में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने के साथ ही गर्म कपड़ों का बाजार में गर्माहट आ गई है। शहर स्कूलपारा मुख्य मार्ग किनारे अस्थाई रूप से कई गर्म कपड़ों की दुकाने सज गई, जहां खरीदी करने के लिए लोग दिन दोपहर के साथ शाम ढलने के बाद भी विभिन्न तरह के गर्म कपड़ों की खरीदी के लिए भीड़ जुट रही है। उक्त स्थल पर एक लाइन से कई गर्म कपड़ों की अस्थाई दुकाने सज गई है, जहां पर कंबल, स्वेटर, मफलर, टोपी सहित सभी तरह के गर्म कपड़ों की बिक्री की जा रही है,जहां पर ठंड बढ़ने के साथ ही खरीदी के लिए लोगों की लगातार भीड़ जुट रही है।

### 4 दिसंबर तक भरे जाएंगे फार्म

# एसआईआर शुरू, बीएलओ पहुंच रहे घर-घर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले के बैकुंठपुर एवं सोनहत विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान 4 नवंबर से प्रारंभ हो गया है। जिलेभर के सभी मतदान केन्द्रों के बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) वितरित किए जा रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने इस एसआईआर के तहत पुनरीक्षण के लिए 1 जनवरी 2026 की तिथि को अर्हता तिथि निर्धारित किया है।

नागरिकों को अपने फॉर्म भरने के लिए एक महीने का समय दिया गया है। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक ये गणना प्रपत्र भरे जाएंगे। बैकुंठपुर तथा सोनहत तहसील के विभिन्न गांवों में बीएलओ के माध्यम एसआईआर प्रपत्र वितरण कर रहे हैं,



घर-घर पहुंच रहे बीएलओ।

बीएलओ के द्वारा प्रपत्र भरने में मदद भी कर रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से इस एसआईआर में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे मतदाता सूची में अपने नाम का सत्यापन अवश्य कराएं। यह विशेष पुनरीक्षण अभियान मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित किया जा रहा है। नागरिक एसआईआर के लिए दो तरीकों से गणना प्रपत्र जमा कर सकते हैं। वे अपने मतदान केन्द्र के बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से ऑफलाइन गणना प्रपत्र भरकर जमा कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, मतदाता अपने मोबाइल फोन पर ईसीआईनेट ऐप डाउनलोड करके वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भी गणना प्रपत्र भर सकते हैं। फॉर्म भरने में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर मतदाताओं की सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 1950 उपलब्ध है। मतदाता अपने बूथ लेवल अधिकारी से भी सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। एक और सुविधा के रूप में, मतदाता इसीआईनेट मोबाइल ऐप से बुक ए काल विथ बीएलओ के माध्यम से अपने बूथ लेवल अधिकारी से सीधे तौर पर संपर्क करने के लिए अनुरोध कर सकते हैं। मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म भरने में कोई परेशानी न हो, इसे ध्यान में रखते हुए जिला एवं तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क एवं आईटी डेस्क भी स्थापित किए गए हैं। इन डेस्क पर कार्यालयीन समय पर अधिकारी-कर्मचारी मतदाताओं की सहायता के लिए उपस्थित रहते हैं। जिले में एसआईआर के तहत 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक गणना प्रपत्र भरे जाएंगे। इसके बाद 9 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची के मसौदे पर 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। सुनवाई और सत्यापन करके 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक इन दावा-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। अंत में 7 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# चोरी की शंका पर युवक की अर्धनग्न अवस्था में बांधकर की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



एक युवक को अर्धनग्न अवस्था में हाथ पैर बांधकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। युवक की पिटाई से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना बलरामपुर जिले के बरियों चौकी क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है इन दिनों सोशल मीडिया में एक मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है।

▪ मारपीट का वीडियो वायरल, बरियों चौकी क्षेत्र की घटना

वायरल वीडियो में एक युवक अर्धनग्न अवस्था में पाइप और रस्सी के सहारे बंधा हुआ है। युवक को जमीन पर गिराकर कुछ लोगों द्वारा जूते और लात से उसकी पिटाई की जा रही है। मारपीट के दौरान लोग युवक को पेट्रोल के लिए पैसे मांगने की बात कर रहे हैं। युवक को कमरे में बंद कर पीटा जा रहा है जबकि एक अन्य युवक भी अर्धनग्न अवस्था में मौजूद है जिससे आधा दर्जन से अधिक लोग पूछताछ कर रहे हैं। यह पूरा मामला बलरामपुर जिले के अंतर्गत आने वाले बरियों चोकी के ग्राम भिलाई खुर्द का बताया जा रहा है जहां क्रेशर प्लांट संचालकों द्वारा पोकलेन मशीन चालक व अन्य लोगों के साथ मारपीट की जा रही है। बताया जा रहा है कि पेट्रोल डीजल चोरी को लेकर मारपीट की जा रही है। अब वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन में भी हड़कंप मच गया है। चौकी प्रभारी बरियों रविन्द्र प्रताप सिंह ने युवक से फोन कर पूछताछ की तो उसने शिकायत से इंकार कर दिया। उसे चौकी बुलाया है और घटना की जांच चल रही है।

इस संबंध में एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने बताया कि वायरल वीडियो को पुलिस ने संज्ञान में लिया है और घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नव मतदाता जोड़ें, फर्जी हटाएं

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में बुधवार को एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) एवं विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम केसंबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची के पुनरीक्षण, मतदाता नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं तक पहुंचाना था।

▪ विशेष गहन पुनरीक्षण पर भाजपा की कार्यशाला

कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में मतदाता सूची का शुद्धिकरण अत्यंत आवश्यक है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहकर हर पात्र व्यक्ति का नाम सूची में जुड़वाने और निष्क्रिय/डुप्लीकेट नामों को हटाने में सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं सहित पात्र मतदाताओं को जागरूक कर फॉर्म-6 भरवाया जाए, वहीं मृत, स्थानांतरित अथवा दोहरी प्रविष्टि वाले नामों को हटाने के लिए फॉर्म-7 की प्रक्रिया को भी समझकर बूथ स्तर पर लागू किया जाए। जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह ने विशेष गहन पुनरीक्षण की समय-सीमा, आवश्यक दस्तावेजों और निर्वाचन



आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पात्र मतदाताओं को पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आदि दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाना होगा। जिला कार्यालय मंत्री रमेश यादव ने कहा कि कार्यकर्ता बूथ समितियों के सहयोग से घर-घर संपर्क कर पात्र मतदाताओं की पहचान करें ताकि कोई भी नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। जिला प्रवक्ता जमुना पाण्डेय ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र नागरिक का नाम सूची में हो और जिनके नाम हटाए जाने आवश्यक हैं उन्हें भी सही ढंग से हटाया जाए। संगठन हर बूथ तक पहुंचे और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए, यही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन करते हुए समय-सीमा के भीतर फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 की प्रक्रिया पूरी कराएं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजकुमार बधावन, रामलाल साहू, संजय राय, जिला महामंत्री आशीष मजूमदार, जिला मंत्री हीरालाल यादव, पवन शुक्ला, श्रीमती प्रवीण सिंह, सोनमती उर्रे, कोषाध्यक्ष मनोज जैन, सह कोषाध्यक्ष आनंद गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी राम चरित द्विवेदी, सह कार्यालय मंत्री रामकृष्ण कुर्रे, सह मीडिया प्रभारी जवाहर, आईटी सेल जिला संयोजक अरविंद अग्रवाल, सोशल मीडिया संयोजक मनोज केशरवानी, सह संयोजक रामा शंकर सिंह सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अवधि में प्रत्येक बूथ स्तर पर जाकर पात्र मतदाताओं की जानकारी संकलित की जाएगी और निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि मतदाता सूची शुद्ध एवं अद्यतन रूप में तैयार हो सके।

## एक और दो रुपए के सिक्के नहीं लेने पर की जाएगी कार्रवाई

**बलरामपुर।** प्रचलित भारतीय मुद्रा एक एवं दो रुपए के सिक्के बाजार में खुदरा व्यवसायियों द्वारा नहीं लेने के कारण प्रचलन से बाहर होते जा रहा है, जिससे आमजनों को आर्थिक क्षति एवं लेन-देन मे कठिनाईयां हो रही है। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी आरएस लाल ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद सीईओ व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के समस्त शहरों एवं ग्रामों में



मुनादी कराकर उपरोक्त मुद्राओं का लेन-देन व्यवहार में रखा जाना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी व्यवसायी या आमजन मुद्राओं को लेन-देन से मना करता है तो नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करने को भी कहा है।

### वुडबॉल चैंपियनशिप में शामिल होंगे सरगुजा के 6 खिलाड़ी



**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिले से 6 खिलाड़ी छठवीं सीनियर, जूनियर स्टेट वुडबॉल चैंपियनशिप 2025 में हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता श्री दवारा विश्वविद्यालय रायपुर में 7 से 9 नवंबर तक आयोजित की जा रही है। सरगुजा टीम में चयनित आकाश दुबे, संदीप सिन्हा, प्रियांशु कुशवाहा, प्रीतम कुमार जायसवाल, एंजिल प्रीति टोप्पो और शिवानी सोनी शामिल हैं। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा के वुडबॉल खिलाड़ी पूर्व में भी विभिन्न स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन करते आए हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी टीम शानदार प्रदर्शन करेगी।

# सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हुई कार, बाल-बाल बचे सवार

हरिभूमि न्यूज : कुरूवां

केनापारा बाजार के समीप गुरुवार की शाम उस से अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब एक कार सड़क किनारे पाइप लाइन विस्तार के लिए खोदे गड्ढे में दुर्घटना ग्रस्त हो गई। गनीमत था कि दुर्घटना में सवार बाल-बाल बचे गए।

जानकारी के अनुसार, ग्राम केनापारा के समीप पाइप लाइन विस्तार कार्य के लिए सड़क किनारे गहरे गड्ढे खोदे गए हैं, जिन पर उचित संकेत या चेतावनी बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। गुरुवार की शाम मार्ग से गुजर रहे कार सवार जैसे ही सड़क किनारे वाहन को किया तभी एक पहिया के गड्ढे में चले जाने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत था कि वाहन तेज रफ्तार में नहीं थी नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। घटना को देख स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह वाहन को बाहर निकाला। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पाइप लाइन कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन



और निर्माण एजेंसी से मांग की है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और खोदे गए गड्ढों के पास चेतावनी पट्टिकाएं लगाई जाए जिससे कोई वाहन सवार दुर्घटना का शिकार न हो।

# खदान प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं को बना रहे आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

खदान प्रभावित क्षेत्रों के महिलाओं के सशक्तिकरण एवं समाज उत्थान की दिशा में एसईसीएल प्रबंधन लगातार कार्य कर रहा है।महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने कंपनी के वित्तपोषण से 18 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

▪ एसईसीएल प्रबंधन की अभिनव पहल

उक्त प्रशिक्षण में मानी एवं गेतरा ग्राम की 8-8 महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बता दें कि मानी और गेतरा ये दोनों ग्राम गायत्री भूमिगत खान के कोर एवं बफर ज़ोन



में स्थित हैं, जहाँ एसईसीएल निरंतर सामुदायिक विकास के कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है।सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर गुरुवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक, बिश्रामपुर क्षेत्र डॉ. संजय कुमार सिंह तथा सहक्षेत्र प्रबंधक, आर.जी.के.सहक्षेत्र प्रशांत शर्मा, प्रबंधक चंदन चमन तथा सिविल इंजीनियर वेदप्रकाश सोनकर की उपस्थिति में सभी प्रशिक्षण प्राप्त महिला सदस्यों को सिलाई मशीन,सिलाई किट,100 मीटर कपड़ा तथा सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि एसईसीएल न केवल खनन कार्यों के माध्यम से देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर रही है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। इस प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करते हैं,अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रमों के माध्यम से कंपनी शिक्षा,स्वास्थ्य,पेयजल, कौशल विकास,पर्यावरण संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में अनेक जनहितकारी गतिविधियाँ संचालित कर रही है।प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से न केवल ग्रामीण महिलाओं को रोजगारोन्मुख कौशल प्राप्त हुआ है, बल्कि उनके अंदर आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना भी विकसित हुई है। यह पहल एसईसीएल की उस प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जिसके माध्यम से वह खनन के साथ बेहतर समाज निर्माण के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से चोरों ने पार किया ऑक्सीजन एयर पाइप

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में चोरी होने की घटनाएं कम नहीं हो रही। पहले चोर अस्पताल परिसर सहित वार्ड में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे अब चोरों ने परिसर में लगाए गए आक्सीजन पाइप को ही पार करना शुरू कर दिया। गनीमत था कि चोर केवल ऑक्सीजन एयर पाइप को ही काट कर ले गए अगर ऑक्सीजन पाइप को काट देते तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज कॉलेज अस्पताल के आईसीयू भवन के विभिन्न वार्ड में मरीजों को ऑक्सीजन सप्लाई के लिए पाइप लगाई गई है। समय पर मरीज को जम्बो ऑक्सीजन सप्लाई हो इसके लिए आईसीयू भवन में पास ही उपकरण लगाए गए है। उपकरण में ऑक्सीजन सप्लाई के साथ एयर पाइप भी लगाए गए है। गत दिन दोपहर में चोरों ने लगभग 25 मीटर कॉपर एयर पाइल काट कर ले गए। घटना की जानकारी तब लगी जब एक वार्ड में ऑक्सीजन शुरू की गई तो एयर पाइप खराब होना पाया गया। जब कर्मचारी लगाए गए उपकरण के पास जांच की तो पता चला की कॉपर एयर पाइप कटा हुआ था। अस्पताल प्रबंधन अब सभी वार्ड में मरीजों के लिए जम्बो ऑक्सीजन सिलेंडर से ऑक्सीजन उपलब्ध कराई जा रही है।

# महंगी बिजली दरों के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया धरना प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा 4 नवम्बर को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों सहित सूरजपुर में एक साथ महंगी बिजली दरों के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। रायपुर, सरगुजा,बलरामपुर, सूरजपुर, दुर्ग, राजनांदगांव सहित सभी जिलों में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिकों ने सड़कों पर उतरकर विरोध जताया। सूरजपुर में पुराना बस स्टैंड स्थल पर पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। धरना के दौरान लोकसभा अध्यक्ष इंद्र देव नाग ने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता की परेशानियों से मुंह मोड़ चुकी है। राज्य की



जनता बिजली के बढ़ते बिलों से त्रस्त है। जिलाध्यक्ष ज़फ़र खान ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है और पानी, कोयला, जमीन व उत्पादन सब राज्य का है, तब जनता को महंगी बिजली देना अन्याय है। आम आदमी पार्टी ने जुलाई महीने में भी दर वृद्धि वापस लेने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने अनदेखी की। इस दौरान आम आदमी पार्टी के शंकर राम भगत, इब्राहिम सिद्दीकी, संतोष तिग्गा चंद्र शेखर पोर्ते, शकील अंसारी, तिलकधारी टोप्पो, मो. मंजुल गफ्फार अंसारी, नानकू यादव, राम शर्मा, आशीष जायसवाल, फूलसाय सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

